पंजाब केसरी 08/03/2025



राज्यस्तरीय ऑनलाइन रसायन विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में तृतीय रही जी.एम.एन. कॉलेज की छात्रा कोमल को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त।

# राज्यस्तरीय रसायन विज्ञान क्विज में तृतीय रही जी.एम.एन. कॉलेज की कोमल

अम्बाला, 7 मार्च (बलराम): पानीपत जिले के मडलौडा स्थित आर्य आदर्श गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में आयोजित राज्यस्तरीय ऑनलाइन रसायन विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में अम्बाला छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज की बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया।

इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कोमल को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता कोमल की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। वह उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

रसायन विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफैसर डॉ. नेहा अग्रवाल ने कहा कि कोमल की सफलता से यह सिद्ध होता है कि उनके कॉलेज के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं।

कोमल की इस सफलता से कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों में भी उत्साह का संचार हुआ है और वे आगामी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित हुए हैं।